



नवभारत 04
सतना, गुरुवार, 23 अक्टूबर , 2025

# दीपावली पर सजा बाजार, हुआ लाखों का कारोबार, पटाखा बाजार भी रहा गुलजार







नवभारत न्यूज

**कोठी 22 अक्टूबर। दीपावली पर ऊपर व्यापारियों ने कोठी नगर को सजा कर रख दिया था बस स्टैंड से लेकर पूरे बाजार तक जगह-जगह लोगों ने तरह-तरह की दुकान सजा कर रखी थी जिससे दीपावली पर पर कई लाखों का कारोबार व्यापारियों द्वारा किया गया जिससे व्यापारियों के चेहरे भी रौनक से खिले रहे।**

दीपावली पर्व के चलते किराना व्यापारी, कपड़ा व्यवसायी, सोने चांदी के व्यवसायी के साथ-साथ बर्तन ,डेकोरेशन ,साज सज्जा, मूर्ति व अन्य व्यापारियों ने तरह-तरह से अपनी दुकानों को सजा कर रखा था जिससे दीपावली के पर सभी दुकानों पर जमकर खरीदारी हुई उधर दीन सहायक संस्था में पटाखा बाजार भी गुलजार रहा विशेष कर दीपावली के दिन लाखों का कारोबार पटाखा व्यापारियों ने किया जिससे सभी पटाखा व्यापारी अत्यंत खुशी दिखे।

**दीप प्रज्वलित कर मनाई दीपावली-** अमर शहीद बाबा रणमत सिंह सेवा संगठन के कार्य सेवकों ने कोठी बस स्टैंड तिराहे विराजमान अमर शहीद ठाकुर रणमत सिंह जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर मनाई दीपावली अमर शहीद ठाकुर रणमतसिंह सिंह अमर रहे के नारों का जयघोष किया।

दीप प्रज्वलित करने अमर शहीद बाबा रणमत सिंह से वा संगठन अध्यक्ष राघवेंद्र सिंह गोरइया, उमेश सिंह पप्पू दिदौंध, शैलेन्द्र सिंह बाबू मौहार, नीतेश सिंह दादू मौहार, अनुराग सिंह दादू पवैया, वीरेंद्र विश्वकर्मा कोठी,अजय सिंह बंटू कंचनपुर, सतीश पाण्डेय राजा कंचनपुर, बृजेश गर्ग सोनू कोठी,आकाश सिंह पोड़ी,मानेंद्र सिंह जीतू, बबलू सिंह मनकहरी,सोनू सिंह बम्हरौला, तिलकराज सिंह रनेही, राजबहादुर सिंह कोठी,कमलेश पाठक कोठी, शैलेन्द्र सिंह दिदौंध एवं अन्य सैकड़ों लोगों रहे शामिल।

**हर्षोल्लास के साथ मनाया नगर वासियों ने दीपावली का पर्व-** कनगर में पूरे उत्साह के साथ दीपावली पर मनाया गया नगर वासियों ने शाम को पूजा पाठ करने के उपरांत अपने-अपने प्रतिष्ठानों के सामने दीपावली पर्व पर रंग-बिरंगी साज सज्जा के साथ पटाखे की आवाज से नगर को गूंज मन कर दिया तरह-तरह के पटाखे संपूर्ण नगर में नगर वासियों द्वारा फोड़े गए जिससे आसमान भी काफी देर तक रंगा नजर आया, लोगों ने पूरे उत्साह एवं हर्षोल्लास के साथ दीपावली का पर मनाया और लोगों को प्रसाद वितरित किया।



## थाना परिसर में धूमधाम से मना दीवाली पर्व

रामनगर। थाना रामनगर परिसर में दीपमाला पर्व का त्योहार धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर क्षेत्रीय पत्रकारों की उपस्थिति में थाना प्रभारी विजय त्रिपाठी द्वारा वैदिक रीति से देव पूजा के साथ वाहनों का पूजन कर दीपावली पर्व की मंगल कामनाएं सभी दिया ,इस दौरान पुलिस परिवार में दीवाली का उत्साह दिखा,पत्रकारों ने भी साथ मिल कर धीरे प्रज्ववलित किये , पुलिस प्रशासन द्वारा किया गया पत्रकारों का सम्मान, प्रेम, सौहार्द सहित भक्ति भाव से मनाया जा रहा नगर में प्रकाश से आलोकित त्यौहार, आसमान में दिखे आतिशबाजी के सुनहरे रंग भी दिखे।

## अमदरा पुलिस ने जुंए के फड़ पर मारा छापा 3 जुंआरियों से जब्त किए 4500 रुपए

नवभारत न्यूज

**मैहर 22 अक्टूबर। मैहर जिले के अमदरा थाना ने जुआं पड़ में छाप कर 3 जुआड़ियों को पकड़ कर 4500 रु.और ताश के पत्ते जब्त किया है।**

जिले में अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने हेतु मैहर पुलिस द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है इसी क्रम में थाना प्रभारी अमदरा निरीक्षक के.पी. त्रिपाठी एवं उनकी टीम ने मुखबिर की सूचना पर ग्राम घुनवारा मैदान में दबिश देकर जुंआ खेलते हुए 03 आरोपियों को पकड़ा एवम उनके कब्जे से 4500/- रूपए नगद एवं ताश के पत्ते जप्त किए । पकड़े गए आरोपियों में उमाकान्त साहू पिता स्व. श्री बाला प्रसाद साहू उम्र 28 वर्ष नि. घुनवारा वार्ड क्रमांक 10 थाना अमदरा , जयकुमार साहू पिता रमेश साहू उम्र 19 वर्ष नि. घुनवारा वार्ड क्रमांक 13 थाना अमदरा एवं राहुल सोनी पिता राकेश सोनी उम्र 29 वर्ष नि. घुनवारा वार्ड क्रमांक 05 थाना अमदरा शामिल हैं। कार्रवाई में निरी. के.पी. त्रिपाठी, उ.नि. एल.पी. बुनकर, स.उ.नि. शिवनंदन साकेत, स.उ.नि. सुशील अहिरवार, प्र.आर. राघवेन्द्र सिंह, आर. सचिन बागरी आर. सुनील त्रिपाठी शामिल रहे ।

## 66 वें शहीद स्मृति दिवस के पर देवी जी चौकी मैहर में स्मृति परेड का आयोजन

नवभारत न्यूज

**मैहर 22 अक्टूबर। दिनांक 21.10.2025 को 66 वें पुलिस शहीद स्मृति दिवस के अवसर पर देवी जी चौकी मैहर में पुलिस स्मृति परेड का आयोजन किया गया एवं शहीद जवानों को श्रृध्दांजलि अर्पित की गई।**



इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक मैहर अवधेश प्रताप सिंह के द्वारा पूर्व में देश में शहीद हुए पुलिस अधिकारियों - कर्मचारियों के नाम का वाचन किया गया। उन्होंने शहीदों और उनके परिवारों को संबोधित करते हुए कहा कि शहीदों ने देश और समाज की सेवा में अपने प्राण न्यौछावर किये हम उनकी शहादत को कभी नहीं भूलेंगे। पुलिस स्मृति परेड में शहीदों को सलामी देते हुए शहीदों की याद में एक मिनट का मौन रखा गया। साथ ही पुलिस अधीक्षक मैहर सहित उपस्थित सभी अधिकारियों/कर्मचारियों, जनप्रतिनिधियों द्वारा शहीद जवानों को पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। सीआईएसएफ के शहीद जवान स्वर्गीय श्री शंकर प्रसाद पटेल की पत्नी श्रीमती लक्ष्मी पटेल को शहीद जवान की स्मृति में शाल, श्रीफल देकर सम्मानित किया गया।

पुलिस शहीद स्मृति दिवस के कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक मैहर अवधेश प्रताप सिंह, कलेक्टर श्रीमति रानी बाटड, विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मैहर डॉ. चंचल नागर , नगर पुलिस अधीक्षक महेन्द्र सिंह, एसडीओपी ख्याति मिश्रा,जिले के समस्त थाना प्रभारी, पुलिस स्टाफ, जनप्रतिनिधी उपस्थित रहे। परेड का नेतृत्व सूबेदार नृपेन्द्र सिंह के द्वारा किया गया ।



## गौ अभ्यारण सरभंगा पहुंचे महामंडलेश्वर कंप्यूटर बाबा

नवभारत न्यूज

**सतना 22 अक्टूबर। आशुतोष द्विवेदी सेवा संस्थान द्वारा संचालित आशुतोष गौ अभ्यारण सरभंगा बरहा में गोवर्धन पूजा के अवसर पर पूर्व कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त राष्ट्रीय संत महामंडलेश्वर कंप्यूटर बाबा ने पहुंचकर गौ पूजन किया जिस पर कंप्यूटर बाबा ने सनातन में गौ माता की सेवा को सर्वोच्च धर्म बताया और समाज से गौ संवर्धन एवं संरक्षण के लिए आगे आने का आह्वान किया**

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से आशुतोष द्विवेदी सेवा संस्थान के प्रमुख सहित आशुतोष गौ अभ्यारण के संचालक राजनारायण मिश्रा (राजू) नीरज त्रिपाठी जैतवारा,शशिकांत द्विवेदी,राहुल सोलंकी,मोतीमान गौतम,मोहित गर्ग,सोभित त्रिपाठी,मंटी मिश्रा,लकी महाराज सहित अनेक श्रद्धालु,सेवादार और ग्रामवासी उपस्थित रहे पूजन के पश्चात सभी ने गौ सेवा और पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया।

### एक नजर में



## पूर्व सैनिक संगठन ने हनुमान मंदिर में किया भंडारा

**कोठी** ।ग्राम पंचायत मौहार के पूर्व सैनिक संगठन के पदाधिकारियों ने गांव के चोना वाले हनुमान मंदिर में विशाल भंडारे का आयोजन किया ।सभी के सुख समृद्धि की कामना करते हुए अपने जीवन के कई वर्ष देश सेवा में समर्पण करने के उपरांत अपनी एवं सभी की कुशलता के उद्देश्य से प्रभु बजरंगबली मंदिर में पूजा अर्चना कर विशाल भंडारे का आयोजन किया। गांव के सभी रिटायर्ड सैनिक मिलकर इस आयोजन को मूर्ति रूप दिया जिसमें हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया, यहां की मान्यता है कि जब कोई भी शुभ कार्य होता है अथवा किसी की मन्नत पूरी होती है कोई नौकरी में जाता है कोई नौकरी पूरी करके आता है किसी के बिगड़े काम बनते हैं सब लोग बड़े ही श्रद्धा भक्ति भाव के साथ बजरंगबली हनुमान मंदिर में धार्मिक आयोजन करते हैं और मन्नत पूरी होने पर भंडारे का आयोजन करते हैं लोगों ने बताया कि बजरंगबली में कोई भी अर्जी सच्चे मन से लगा देने से वह अवश्य पूर्ण होती है इसी वजह से यहां सदैव आयोजन होते रहते हैं।

## स्वर सरिता संगीत समारोह एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम 26 को

**नागौद**। अनुभूति समिति द्वारा स्वर सरिता संगीत समारोह एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का दो दिवसीय आयोजन 25- 26 अक्टूबर को गुंजन वाटिका में किया गया है जिसमें प्रथम दिवस 25 अक्टूबर को नगर के विभिन्न विद्यालयों एवं समिति द्वारा चयनित सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन दोपहर 2:00 से किया जाएगा कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जितेंद्र सिंह एसडीएम एवं अध्यक्षता शैलेंद्र प्रताप सिंह मुख्य नगर पालिका अधिकारी करेंगे विशिष्ट अतिथि थाना प्रभारी अशोक पांडे होंगे द्वितीय दिवस संगीत समारोह का कार्यक्रम शाम 6 बजे से संपन्न होगा जिसमें राष्ट्रीय स्तर के कला साधको की प्रस्तुतियां होगी कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक नागेंद्र सिंह होंगे जबकि अध्यक्षता डॉक्टर के सी जैन सचिवअलाउद्दीन खान संगीत समारोह मैहर करेंगे अनुभूति समिति द्वारा नागेश त्रिपाठी विभागाध्यक्ष संगीत टीआरएस रविंद्र कुमार धुर्वे सहायक प्राध्यापक संगीत टीआरएस कॉलेज रीवा एवं रमाकांत त्रिपाठी संचालक अलाउद्दीन खान संगीत महाविद्यालय मैहर को सम्मानित किया जाएगा आमंत्रित कलाकारों में सौरभ गौरव मिश्रा बनारस कथक रमाकांत त्रिपाठी संतूर सतना सुरेंद्र तिवारी गायन जैतवारा सुश्री शैली द्विवेदी रीवा विशाल मिश्रा उदय शंकर मिश्र बनारस अहमद खा मैहर विनोद तिवारी रीवा और अशोक सिंह शक्ति सिंह तिवारी सतना आदि कलाकार प्रस्तुतियां देंगे।

## बिहरा बलखंडी देवी प्रांगण में देवारी अहीर नृत्य का आयोजन



**कोटर** । समीपी ग्राम बिहरा में विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी बलखंडी देवी मंदिर प्रांगण में देवारी अहीर लोक नृत्य का आयोजन किया गया। कलाकारों ने अपनी कला से ग्रामीणों का मनोरंजन किया ।कार्यक्रम के आयोजक रामरूप सतनामी तथा कलाकारों की टीम में जिसमें प्रमुख रूप से रामभान यादव, चंद्रभान यादव (मत्ते) करही कलां के बृजवासी दाहिया, दीना यादव, राकेश यादव (छोटू ) गजेंद्र यादव, बेटाई प्रजापति, राजबहोर यादव, शिवबहोर यादव, सुरेश यादव, राजेश यादव, कलाकारों की टीम में सामिल रहे। कार्यक्रम में काफी संख्या में महिलाओं की और ग्रामीणों की उपस्थिति रही जिसमें प्रमुख रूप से सरपंच रवि सिंह बिहरा, रणजीत सिंह, नंदकिशोर शुक्ला, महेश गुप्ता, शिव बालक शुक्ला, कल्लू हरिजन, बालकृष्ण शर्मा, जलज गौतम, बहोरी आदिवासी, राममिलन सिंह, प्रवीण गुप्ता, वीरेंद्र सिंह, संतोष तिवारी, रामकरण बुनकर सहित काफी संख्या में ग्रामीण लोग शामिल हुए।



## ग्रामीणों की सतर्कता से बच गया पटना बांध

नवभारत न्यूज

**मझगवां 22 अक्टूबर। जनपद पंचायत मझगवां अन्तर्गत जल संसाधन विभाग के पटना बांध एक आर-पार होल हो जाने से पानी का काफी लीकेज हो रहा था। जानकारी होने पर ग्रामीणों ने पहुंचकर मिट्टी भर बोरियों पानी का बहाव रोका।**


बांध में लीकेज होने का एक वीडियो सामने आया है जिसमें स्पष्ट तौर दिखाई पड़े रहा है कि मेड के नीचे एक सुरंग रूपी बड़ा होल आरपार हो गया है जिस कारण देर रात से काफी तेज पानी का बहाव हो रहा था, जिसकी जानकारी मिलने पर आधा सैकड़ा ग्रामीणों ने बांध पहुंचकर उसमे मिट्टी और बोरियो के सहारे पानी को रोका था, सोशल मीडिया में खबर चलने के बाद जब जल संसाधन विभाग को जानकारी लगी तो मौके पर जल संसाधन विभाग के ईई पहुंचे और बांध से निकल रहे पानी को बंद करवाया, इसके बाद उन्होंने बयान जारी करते हुए कहा कि वह हल्का सीपेज था, हलांकि वीडियो सामने के बाद जल संसाधन विभाग के प्रतिवेदन और उनके बयान पर सवालिया निशान ख? हो रहे है, गांव वालो की सतर्कता से आज एक बांध बहने से बच गया। गांव वालों का कहना है कि शिकायत करने के बाद भी आखिर बांध फूट गया जो जल संसाधन विभाग की घोर लापरवाही है।

## टोंस बराज बाकिया बैलो बांध की जमीन का मामला गरमाया

### किसानों ने मांगी अपनी जमीन

नवभारत न्यूज

**सतना 22 अक्टूबर। रामपुर बाघेलान के ग्राम पंचायत हिनौती के ग्राम पीथैपुर के सैंकड़ों किसानों की जमीन वापस करने की मांग उठाई है लगभग सभी किसान सहमति भी दे रखी है यहां लगभग 75त्न जमीन खाली रहती हैं हर वर्ष बांध का पानी यहां नहीं भरता। किसान जमीन का मुआवजा भी वापस करने को तैयार हैं। किसानों की नोटिस जारी कर प्रक्रिया शुरू किया जाए और उनका मालिकाना हक वापस किया जाए।**



किसानों की जमीन खाली पड़ी रहती है किसानों को सरकारी योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा इसके पहले भी कई ग्रामों की जमीन वापस हो चूंकि है अधिकृत जमीन टोंस बराज बांध में पवार जनरेटिंग कम्पनी सिरमौर द्वारा सन् 1995 में कई ग्रामों की ली गई थी उसके बाद कई वर्ष बीत जाने के बाद किसानों से ली गई जमीन खाली पड़ी रहती है और वह डूब क्षेत्र में नहीं आती सैकड़ों किसान अपनी जमीन अब लाल स्याही हटवाना चाहते कई ग्राम पंचायत की जमीन वापस हुई खोहर गढ़वा के साथ और कुछ डूब क्षेत्र गांवों की जमीन वापस हो चूंकि उसी नियम तहत पीथैपुर ,रघुनाथपुर ,गौरैया की भी जमीन वापस करने की योजना बनाएं।

विभागीय अधिकारी सर्वे कर मुआवजा की राशि निर्धारित करें ताकि वह राशि किसान वापस करके अपनी जमीन का मालिकाना हक पा सके। किसानों का कहना है कि हमारी जमीन शासकीय होने के कारण ना तो क्रेडिट कार्ड बन पाता न तो जो फसल की बुआई होती है वह फसल नहीं बिक पाती बच्चियों की शादी करना हो अगर कोई व्यक्ति की बीमारी के लिए इलाज करवाना हो तो जमीन नहीं बिक पाती कोई भी शासकीय योजनाओं का लाभ भी नहीं मिल पाता किसान अपनी जमीन वापस करने के लिए मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव , केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान, सतना सांसद गणेश सिंह, रामपुर बघेलान विधायक विक्रम सिंह विक्की भैया सहित जनप्रतिनिधि से गुहार लगाई है कि हमारी जमीन वापस कराया अगर कुछ कार्यवाही नहीं हुई तो किसानों ने यह भी कहा कि मजबूरन हम आंदोलन करने पर मजबूर हो जाएंगे।

## वृद्धों के चेहरों पर लौटी मुस्कान, भाजपा नेत्री इंदु श्रीवास्तव ने वृद्धाश्रम में मनाया जन्मदिन

नवभारत न्यूज

**मैहर 22 अक्टूबर। मां शारदा की नगरी मैहर में मानवता और सेवा का अनुपम उदाहरण तब देखने को मिला जब भारतीय जनता पार्टी की नेत्री इंदु श्रीवास्तव ने अपने जन्मदिन का उत्सव परिवार और मित्रों के बीच न मनाकर, मां शारदा देवी मंदिर प्रबंध समिति द्वारा संचालित वृद्धाश्रम में मना कर मिसाल पेश की ।**



सुबह के समय वृद्धाश्रम का वातावरण प्रफुल्लित हो उठा जब इंदु श्रीवास्तव स्वयं वृद्धजनों के बीच पहुंचीं। उन्होंने प्रत्येक वृद्धजन से आत्मीयता पूर्वक भेंट की, उनके हाल-चाल पूछे और माता-पिता समान आशीर्वाद प्राप्त किया।इस अवसर पर उन्होंने सभी वृद्धजनों के लिए स्वादिष्ट भोजन और मिठाई की विशेष व्यवस्था कराई। साथ ही आगामी ठंड के मौसम को ध्यान में रखते हुए अंगवस्त्र (शाल) भेंट किए। पूरे आश्रम में सादगी, स्नेह और वात्सल्य का वातावरण व्याप्त था। वृद्ध माताओं ने जब उनके हाथों से वस्त्र ग्रहण किए तो उनकी आंखों में खुशी और अपनत्व की चमक झलक उठी। इंदु श्रीवास्तव ने कहा मेरे जन्मदिन का सच्चा आनंद इन माता-पिता समान वृद्धजनों की मुस्कान में है। हम सबका यह सामाजिक कर्तव्य है कि अपनी प्रत्येक प्रसन्नता में इन्हें भी सहभागी बनाएं।आश्रम प्रबंधन ने बताया कि इंदु श्रीवास्तव के इस कदम से वृद्धाश्रम में एक नई ऊर्जा का संचार हुआ है।

## रघुवीर मंदिर में भगवान को लगा छप्पन व्यंजनों का भोग

नवभारत न्यूज

**चित्रकूट 22 अक्टूबर। संत रणछोड़ दास जी महाराज द्वारा स्थापित श्री सदगुरू सेवा संघ ट्रस्ट के अंतर्गत स्थापित रघुवीर मंदिर( बड़ी गुफा ) में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी आज बुधवार को रामनाम कीर्तन के साथ बृज के भगवान और पर्वतों के राजा कहे जाने वाले गिरिराज अर्थात गोवर्धन जी की पूजा बड़े ही विधि विधान और हर्षोल्लास के साथ की गई।**

इस अवसर पर गोवर्धन भगवान को अन्नकूट के छप्पन प्रकार के व्यंजनों का भोग लगाया गया। जानकीकुंड के रघुवीर मंदिर में श्री सदगुरू सेवा संघ ट्रस्ट के ट्रस्टी एवम डायरेक्टर पद्मश्री डा बी के जैन,ऊषा जैन, सुश्री दमयंतीबेन से साथ ही साधु भंडारे का भी आयोजन किया गया।

# चित्रकूट में तुलसी उत्सव रघुनाथ गाथा समारोह का हुआ आयोजन

नवभारत न्यूज

**चित्रकूट 22 अक्टूबर। विगत वर्षो की भांति इस वर्ष भी मध्यप्रदेश शासन, संस्कृति विभाग, जनजातीय लोक कला एवं बोली विकास एवं तुलसी शोध संस्थान चित्रकूट के द्वारा चार दिवसीय तुलसी उत्सव-रघुनाथ गाथा समारोह तुलसी मंच प्रमोदवन में प्रारम्भ हुआ।**



समारोह का आयोजन 18 अक्टूबर को दीप प्रज्जवलन तथा तुलसीदास जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर संगठन सचिव दीनदयाल शोध संस्थान अभय महाजन, सारस्वत रामहृदय दास महाराज, प्रो. अवधेश प्रसाद पाण्डेय, पूर्व निदेशक तुलसी शोध संस्थान तथा वर्तमान निदेशक डॉ. मन्जूषा राजस जौहरी की उपस्थित रही।

संगठन सचिव अभय महाजन ने चित्रकूट में दीपोत्सव के महत्व पर सामजिक समरसता तथा सनातन संस्कृति महत्व पर प्रकाश डाला। सांस्वत रामहृदय दास भगवान श्रीराम के चित्रकूट रहने के दौरान विभिन्न घटनाओं का तथा भगवान श्रीराम जी के मर्यादा स्वरूप का वर्णन किया। डॉ. प्रमिला मिश्रा के द्वारा बताया गया कि चित्रकूट में श्री विषय पर व्याख्यान दिया गया तथा रीवा से पधारे डॉ. नलिन दुबे द्वारा दण्डकारण्य मे श्रीराम विषय पर व्याख्यान दिया। इसके पश्चात सुश्री नीलांगी कलात्रे द्वारा लीला प्रस्तुति की गई। कार्यक्रम के अंत में प्रोफेसर अवधेश प्रसाद पाण्डेय द्वारा कार्यक्रम के महत्व एवं चित्रकूट की महिमा, श्रीराम के आदर्श स्वरूप का विवेचन किया।

भैरवदास महाराज ने मंगलाचरण प्रस्तुत किया। इसी प्रकार 19 अक्टूबर को श्रीरामलीला विश्व प्रसिद्ध खजुरीताल से श्री रामभूषण दास महाराज द्वारा स्थापित रामलीला कमेटी का संचालन महन्त श्री गुरूप्रसन्न दास महाराज द्वारा किया गया। कार्यक्रम में श्री रामजन्म, ताडकावध, अहिल्या उद्धार के प्रसंगों की बहुत प्रस्तुति की गई। इसके बाद डॉ. राम नारायण त्रिपाठी द्वारा वनवासी श्रीराम के विषय पर व्याख्यान किया गया। प्रांतीय कलाकार संघ रीवा द्वारा श्रीराम जी के जीवन पर आधारित सुन्दर भक्ति संगीत भजन प्रस्तुत किया गया तथा ओरछाधीश सेवा समिति ओरछा द्वारा श्रीमती नीलम सिंह के साथ राघव सिंह द्वारा विनय पत्रिका के कई पद संगीत के साथ प्रस्तुत किये गये।

पूर्व जिला जज श्री अरूण ने कहा कि सरलता सहजता पवित्र मन निष्कपट हृदय द्वारा ही भक्ति की जा सकती है तथा ईश्वर से साक्षात्कार हो सकता है।इसके पश्चात पं. अभय माणके इन्दौर के द्वारा राष्ट्रीयस्तर के गीतकार संगीतज्ञ हैं संगीतमयी गीतरामायण प्रस्तुत किया गया। पुष्प् वाटिका, लक्ष्मण-परशुराम संवाद और श्रीराम विवाह की सुन्दर रामलीला किया गया। 20 अक्टूबर 2025 को रामलीला में कैकेई मंथरा संवाद, श्रीराम वन गमन, केवट प्रसंग, भरतमिलाप का मंचन किया गया।